हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, शनिवार 23 मई 2026



12 आंदोलनकारी महिलाओं ने फोड़े मटके, जताया रोष



12 निगम के बाहर कॉकरोच जनता पार्टी के वर्कर्स ने किया प्रदर्शन

**खबर संक्षेप**

### साइबर पुलिस ने वापस दिलवाए 9981 रुपये

**हिसार।** ठगी के मामले में साइबर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से खरकड़ी निवासी रेनू के साइबर ठगी में गंवाए रुपये वापस मिल गए। थाना साइबर क्राइम प्रभारी सतेंद्र के नेतृत्व में उप-निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि पीड़ित रेनू पत्नी राजबीर के साथ 9981 रुपये की साइबर ठगी हुई थी। पुलिस टीम ने मामले की जांच करते हुए तकनीकी अनुसंधान और बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर ठगी गई राशि को ट्रैक किया और पीड़िता के 9981 रुपये उसके खाते में वापस रिफंड करवा दिए।

### सामाजिक न्याय मंत्री बेदी आज अग्रोहा में

**हिसार।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी 23 मई को हिसार जिले के दौरे पर रहेंगे। नगराधीश सुभाष चंद्र ने बताया कि दौरा कार्यक्रम अनुसार कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी 23 मई को अग्रोहा शक्तिपीठ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के जिला प्रशिक्षण वर्ग में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। इस दौरान वे संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा भी करेंगे।

### निरंकारी मिशन का रक्तदान शिविर कल

**हिसार।** संत निरंकारी मिशन की ओर से सुभाष नगर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में 24 मई को रक्तदान शिविर का लगेगा। प्रवक्ता रमेश चुघ व संयोजक संजय खुराना ने बताया कि बाबा गुरबचन जी की स्मृति में शिविर सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक चलेगा। सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।

# 100% ब्याज माफी का असर: अब तक 1.67 करोड़ प्रॉपर्टी टैक्स जमा

## 1.56 लाख से अधिक प्रॉपर्टी, सरकारी विभाग व निगम बड़े बकायेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सरकार द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर 100 फीसद ब्याज माफी की सुविधा को लेकर अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसे देखते नगर निगम प्रशासन ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने के लिए एक की जगह 4 कैश काउंटर लगाए हैं। बिल की कॉपी निकलवाने के लिए भी 2 काउंटर अलग से बनाए गए हैं।

ऑफलाइन की बजाय ऑनलाइन प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने वालों की तादाद ज्यादा है। निगम की शहर में करीब 1 लाख 56 हजार से अधिक प्रॉपर्टियां है, जिन पर टैक्स बकाया है। बकाया टैक्स के मामलों में सरकारी विभाग, बोर्ड, निगम भी पीछे नहीं है। कई सरकारी विभागों पर निगम का करोड़ों में प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। इनमें बिजली निगम बड़े बकायादारों में शुमार है। निगम ने वर्ष 2025-26 में प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने के लिए 25 करोड़ रुपये का टारगेट रखा तो लेकिन निगम अधिकारियों ने सख्ती दिखाई और आंकड़ा 45 करोड़ के करीब पहुंच गया। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए निगम ने 27 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स प्राप्त करने का टारगेट रखा है। निगम अधिकारियों को उम्मीद है कि तय टारगेट को प्राप्त कर लिया जाएगा। चालू वित्त वर्ष में अब तक करीब 1.67 करोड़ रुपये का शहरवासियों द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाया जा चुका है। बता दें कि सरकार द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर 100 फीसद ब्याज माफी की सुविधा प्रदान की गई है। यह छूट वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर एकमुश्त राशि जमा करने पर मिलेगी। इस योजना का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है।

### भुगतान के दो विकल्प

अतिरिक्त निगम आयुक्त वीरेंद्र सहारण ने बताया कि टैक्स का भुगतान दो प्रकार से किया जा सकता है ऑनलाइन और ऑफलाइन। ऑफलाइन में शहरवासी नगर निगम कार्यालय में आकर प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान कर सकते है। ऑनलाइन में नागरिक नगर निकाय विभाग की साइट पर जाकर या जिससे लोग क्यूआर कोड स्कैन कर प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। जिसके लिए नागरिकों को निगम कार्यालय में आने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा प्रॉपर्टी टैक्स का ऑनलाइन भुगतान करने पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त छूट का लाभ भी मिलेगा।

### शहरवासियों को असुविधा न हो इसके लिए अधिकारियों को दिए हैं विशेष निर्देश



सरकार द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर 100 प्रतिशत ब्याज माफी की सुविधा को देखते टैक्स भुगतान करने में शहरवासियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो, इसके लिए निगम अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रॉपर्टी टैक्स त्रुटियां सही करवाने की फाइल जो शहरवासियों द्वारा लगाई जाती उसका जल्द से जल्द निपटान करें ताकि वह समय पर छूट का लाभ उठाते हुए प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान कर सके। कोताही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएंगी। वहीं समय पर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। **-प्रवीण पोपली,** मेयर।

### निगम में प्रॉपर्टी

| श्रेणी | संख्या |
|---|---|
| कुल प्रॉपर्टी | 1,56,009 |
| रिहायशी | 80,298 |
| व्यावसायिक | 15,523 |
| औद्योगिक | 966 |
| संस्थान | 1,106 |
| प्लॉट | 40,531 |
| स्पेशल कैटेगरी | 1,762 |
| मिक्स यूज | 10,967 |
| एग्रीकल्चर | 4,967 |

### प्रॉपर्टी टैक्स का ब्योरा

| वित्त वर्ष | टारगेट | जमा |
|---|---|---|
| 2019-20 | 27 करोड़ | 7.86 करोड़ रुपये |
| 2020-21 | 24 करोड़ | 15.92 करोड़ रुपये |
| 2021-22 | 24 करोड़ | 8.87 करोड़ रुपये |
| 2022-23 | 22 करोड़ | 12.08 करोड़ रुपये |
| 2023-24 | 25 करोड़ | 19.68 करोड़ रुपये |
| 2024-25 | 25 करोड़ | 45 करोड़ रुपये |
| 2025-26 | 27 करोड़ | 1.67 करोड़ रुपये |

**नोट:** 2025-26 की राशि अब तक की जमा राशि है। बकाया टैक्स 30 जून तक जमा होगा।

### अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित



सरकार द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर 100 प्रतिशत ब्याज माफी की सुविधा दी गई है। यह छूट वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर एकमुश्त राशि जमा करने पर मिलेगी। इस योजना का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। ब्याज माफी योजना को लेकर शहरवासियों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। **-नीरज,** निगमायुक्त।

## वारदात: कुंभा में रिश्तों का कत्ल, डंडे और रॉड से किया हमला

# कहासुनी में पोते ने 80 वर्षीय दादा को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

निकटवर्ती गांव कुंभा में गुरुवार देर रात रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई, जहां मामूली कहासुनी के बाद एक युवक ने अपने ही 80 वर्षीय दादा की हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच आरोपी पोते को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान बरखा राम के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पोते का नाम अंकित बताया गया है, जो अविवाहित है। पुलिस जानकारी के अनुसार बरखा राम पारिवारिक विवादों के चलते अधिकतर समय अपनी बेटियों के पास रहते थे और करीब 15 दिन पहले ही गांव लौटे थे। पड़ोसियों का कहना है कि आरोपी अंकित शराब का आदी है और वह अक्सर अपने दादा के साथ मारपीट करता था। यह भी आरोप है कि वह बुजुर्ग को समय पर खाना तक नहीं देता था।

बताया जा रहा है कि गुरुवार रात 10 बजे दादा-पोते के बीच किसी बात पर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि अंकित ने बरखा राम पर डंडे व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग के सिर पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस को घटनास्थल से कुछ डंडे बरामद हुए हैं।



मृतक बरखा राम



### हत्या का केस दर्ज, पहले भी पुलिस को दी थी शिकायत

घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शेखपुरा चौकी पुलिस और फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू की। पोते द्वारा किए हमले में घायल बरखा राम को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया, लेकिन नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर परिजनों के बयान पर आरोपी अंकित के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर आरोपी उसे हिरासत में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में हत्या की वजह पारिवारिक कलह और नशे की लत को मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक बरखा राम ने पहले भी आरोपी के खिलाफ शिकायत दी थी।

### 3 साल से फरार इनामी बदमाश देहरादून से धरा

**हांसी।** सीआईए-2 की टीम ने तीन साल से फरार इनामी बदमाश को देहरादून से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भिवानी जिले के कुंगड़ निवासी सुभाष के रूप में हुई है। एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर वर्ष 2022 में थाना सदर हांसी में धोखाधड़ी, एचपीआईडीएफएफ एक्ट, पीसीएमसीएस एक्ट तथा बड्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी वर्ष 2022 से लगातार फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए ठिकाने बदल रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 1000 का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस टीम लगातार उसकी तलाश में दबिश दे रही थी। सीआईए-2 हांसी की टीम ने गुप्त सूचन, तकनीकी मदद व योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए देहरादून में दबिश देकर आरोपी को काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को हांसी लाकर पूछताछ की जा रही है।

# सेक्टर 27-28 के पास बस की टक्कर से एक की मौत

पुलिस ने आरोपी रोडवेज चालक को हिरासत में लेकर की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सेक्टर 27-28 के पास बाइपास पर रोडवेज बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान आर्य नगर निवासी 52 वर्षीय ओमप्रकाश के रूप में हुई है। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस को बुलाकर शव को जिले के नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

मिली जानकारी के अनुसार सोनीपत डिपो की रोडवेज बस शुक्रवार को गोहाना से हिसार होते हुए सिरसा जा रही थी। इसी दौरान हिसार के सेक्टर 27-28 के पास बाइपास पर यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक ओमप्रकाश बस के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना अचानक हुआ कि आसपास मौजूद लोग भी घबरा गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

हादसे के बाद पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। बस को कुछ देर तक घटनास्थल पर ही रोक कर रखा गया, जिससे बाइपास पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल भेजा और मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी। पुलिस ने सोनीपत डिपो के बस चालक रोहतक निवासी मनीष से पूछताछ शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।


# श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय

## भगत सिंह रोड़, हाँसी

(संस्था श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय)

आर्ट्स : - कुल छात्राएं - 38 | बोर्ड मेरिट - 20

कॉमर्स : - कुल छात्राएं - 08 | बोर्ड मेरिट - 04

साइंस : - कुल छात्राएं - 18 | बोर्ड मेरिट - 02

कक्षा: 10th (2025-26)

कुल छात्राएँ: 37 | बोर्ड मैरिट: 23

**12वीं कक्षा का सत्र (2025-26) का शानदार परीक्षा परिणाम**



चाहत, पुत्री श्री सुनील कुमार (477/500) (आर्ट्स)
काकुल सैनी, पुत्री श्री सोनू (463/500) (आर्ट्स)
गायत्री, पुत्री श्री राकेश कुमार (455/500) (आर्ट्स)
पद्मिनी, पुत्री श्री सूरजमल (408/500) (साइंस)
रितू, पुत्री श्री महेन्द्र कुमार (407/500) (कॉमर्स)
सारिका, पुत्री श्री मुकेश (405/500) (साइंस)
रुहानिका, पुत्री श्री मनीराम (405/500) (कॉमर्स)
कीर्ति, पुत्री श्री रामकेश (405/500) (कॉमर्स)



डोली, पुत्री श्री विकास (388/500) (साइंस)

**12वीं में विषयवार अधिकतम अंक**

अंग्रेजी : 98 (प्रिया D/o श्री अजीत सिंह)
हिन्दी : 95 (काकुल सैनी D/o श्री सोनू)
ललित कला : 99 (वंशिका D/o श्री सोनू, गायत्री D/o श्री राकेश कुमार, चेतना रानी D/o श्री लक्ष्मीनारायण, दीपिका D/o श्री अजमेर)
संस्कृत : 98 (चाहत D/o श्री सुनील कुमार)
शारीरिक शिक्षा : 97 (प्राची D/o श्री प्रवीण कुमार)
राजनीति शास्त्र : 98 (चाहत D/o श्री सुनील कुमार)
इतिहास : 90 (स्नेहा D/o फतेह सिंह)
अर्थशास्त्र : 85 (सृष्टि D/o श्री विनोद कुमार)
गणित : 86 (पलक D/o श्री राजकुमार)
व्यावसायिक अध्ययन : 93 (रितू D/o महेन्द्र कुमार)
लेखांकन : 89 (रुहानिका D/o मनीराम)
फिजिक्स : 89 (यकीन D/o प्रदीप)
केमिस्ट्री : 82 (पद्मिनी D/o सूरजमल)
बायोलॉजी : 88 (खुशी D/o कुलदीप)
कंप्यूटर साइंस : 98 (स्नेहा D/o फतेह सिंह)

इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्राएँ, अभिभावकगण व अध्यापकगण बधाई के पात्र हैं।

**10वीं कक्षा का सत्र (2025-26) का शानदार परीक्षा परिणाम**



रुहानी, पुत्री श्री राजेश कुमार (480/500)
जानवी, पुत्री श्री अजीत (478/500)
कीर्ति, पुत्री श्री जय भगवान (477/500)
जानवी, पुत्री श्री संजीव कुमार (476/500)
डिम्पी, पुत्री श्री अजय कुमार (463/500)
कोमल, पुत्री श्री कृष्ण कुमार (458/500)
हिना, पुत्री श्री राज कुमार (455/500)
प्रतिज्ञा, पुत्री श्री जीतू कुमार (455/500)
परी, पुत्री श्री पंकज (455/500)
कशिश, पुत्री श्री कुलदीप कुमार (447/500)
प्रियंका, पुत्री श्री रामनिवास (442/500)
पायल, पुत्री श्री कृष्ण कुमार (437/500)
संगीता, पुत्री श्री शंकर (428/500)
महिमा, पुत्री श्री संजय (414/500)
राशि, पुत्री श्री विक्रांत (403/500)
बेबो, पुत्री श्री प्रवीन बंसल (401/500)

**10वीं में विषयवार अधिकतम अंक**

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञान : | 100 | (कीर्ति D/o श्री जय भगवान, जानवी D/o श्री संजीव कुमार, जानवी D/o श्री अजीत कुमार) |
| ड्रॉइंग : | 100 | (कीर्ति D/o श्री जय भगवान) |
| संस्कृत : | 99 | (डिम्पी D/o श्री अजय कुमार, हिना D/o श्री राज कुमार) |
| शारीरिक शिक्षा : | 99 | (रुहानी D/o श्री राजेश कुमार) |
| अंग्रेजी : | 98 | (जानवी D/o श्री संजीव कुमार) |
| हिन्दी : | 98 | (रुहानी D/o श्री राजेश कुमार) |
| सामाजिक विज्ञान : | 95 | (हिना D/o श्री राज कुमार) |
| गणित : | 94 | (रुहानी D/o श्री राजेश कुमार) |


श्री सज्जन कुमार अग्रवाल, संरक्षक | श्री प्रीतम कुमार गोयल, अध्यक्ष | श्री नकुल कुमार अग्रवाल, महामंत्री | श्री ईश्वर कुमार गोयल, उप-महामंत्री

श्री लक्ष्मीकांत गोयल, कोषाध्यक्ष | श्री रजत कुमार अग्रवाल, प्रबंधक | श्रीमती रेनू बंसल, प्राचार्या



# दृश्यम 3 के स्क्रीनिंग के दौरान इमोशनल हुए मोहनलाल

**मुंबई।** मोहनलाल की मच अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' 21 मई को रिलीज हुई। खास बात यह है कि इसी दिन अभिनेता ने अपना 66वां जन्मदिन भी मनाया। फिल्म को लेकर लगातार शानदार रिव्यू सामने आ रहे हैं। इसी बीच मोहनलाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों का रिएक्शन देखकर इमोशनल हो जाते हैं। अपनी फिल्म 'दृश्यम 3' के फर्स्ट डे, फर्स्ट शो स्क्रीनिंग के दौरान मोहनलाल काफी इमोशनल नजर आए। वायरल वीडियो में मोहनलाल अपनी की टीम के साथ थिएटर में बैठे नजर आ रहे हैं। फैंस के साथ फिल्म का फर्स्ट डे, फर्स्ट शो देखते हुए अभिनेता काफी भावुक हो गए और अपनी आंखों से आंसू पोंछते दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने तालियां बजा रहे एक दर्शक का हाथ जोड़कर धन्यवाद भी किया।



लाइफ Style

# रिद्धि
## फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद न रखें

अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने हाल ही में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें वह युवा लड़कियों को एक खास मैसेज दे रही हैं। यह संदेश कहीं ना कहीं जाकर मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले से जुड़ता है। बीते दिनों भोपाल से एक मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत की खबर आई। रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि ट्विशा की मौत फांसी लगाने से हुई, यह मामला अब दहेज जैसी कुप्रथा से जाकर भी जुड़ गया है। इस मामले पर कई सेलेब्स भी रिएक्ट कर चुके हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिद्धि डोगरा की पोस्ट भी इसी मामले से जुड़ी हुई लगती है। वह अपनी पोस्ट में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने की सीख दे रही हैं, फेमिनिज्म का असली मतलब बता रही हैं। रिद्धि डोगरा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'युवा लड़कियों और लड़कों यह 2026 है। प्लीज शादी को जरूरत से ज्यादा रोमांटिक बनाना बंद करें। अब शादी पहले जैसी नहीं रही। लड़कों को यह समझना चाहिए कि लड़कियां अब हर बात पर आंख बंद करके विश्वास नहीं करेंगी, क्योंकि कानून और समाज ने उन्हें सशक्त बनाया है। आज वे नौकरी कर सकती हैं। समाज में सम्मान से जी सकती हैं। इसलिए उन्हें किसी पर निर्भर होकर जीने की जरूरत नहीं है। लड़कियों को शादी की जरूरत जिंदगी चलाने के लिए नहीं है।' रिद्धि आगे लिखती हैं, 'लड़कियों प्लीज यह उम्मीद मत रखिए कि शादी के बाद आपका बॉयफ्रेंड कोई मिस्टर परफेक्ट बन जाएगा। वे भी इंसान है। इस नई दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है। उनके लिए यह बदलाव और भी नया है, क्योंकि उन्होंने एक अलग समाज देखा है, जहां पुरुषों से अलग उम्मीदें रखी जाती थीं। एक बार फिर कहूंगी, आप किसी फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद मत रखिए। खुद को शिक्षित बनाइए। अपने लिए जीना सीखिए और अपने लिए खड़े होना सीखिए। शादी प्यार और सम्मान के लिए कीजिए।'रिद्धि ने शादी में किसे दूसरे के दखल को लेकर भी कुछ काफी कुछ लिखा।

हॉलीवुड मसाला



# रिकी के लाइव शो में मचा बवाल...

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर रिकी मार्टिन के कॉन्सर्ट के फैंस दीवाने हैं। उनके लाइव टूर के दौरान एक फैन ने ऐसी हरकत कर दी, जिससे कॉन्सर्ट के रंग में भंग पड़ गया। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति पर जल्द काबू पा लिया। जिसके बाद कॉन्सर्ट दोबारा शुरू कर दिया गया। गायक रिकी मार्टिन का इन दिनों एक लाइव टूर पर हैं। जिस वजह से मॉन्टेनेग्रो में उनके एक शो का आयोजन हुआ था। फैंस स्टेज के नीचे उनके गानों पर झूम रहे थे। सिंगर स्टेज पर गा रहे थे। उसी दौरान एक फैन ने स्टेज की तरफ आंसू गैस का छिड़काव कर दिया। जिससे शो के दौरान अफरा- तफरी मच गई। जिसके बाद मार्टिन को स्टेज से सुरक्षित ग्रीन रूम में ले जाया गया। दूसरी तरफ सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों नें स्थिति सामान्य कर ली। रिकी मार्टिन ने अपने करियर की शुरुआत 12 साल की उम्र में।



# स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे में काम करना सपनों जैसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेंडाया और टॉम हॉलैंड फिल्मी दुनिया के मशहूर कपल हैं। दोनों पार्टनर होने के साथ-साथ को स्टार्स भी हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग के दौरान के अनुभव साझा किए। एक्ट्रेस जेंडाया ने एक इंटरव्यू में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' में काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा है। यहां मुझे हर दिन अपने सबसे अच्छे दोस्त और सबसे करीबी व्यक्ति के साथ काम करने का मौका मिलता है। हम अपने पेट डॉग को भी काम पर लाते हैं। यह एक पारिवारिक माहौल जैसा है। हम इन फिल्मों को देखते हुए बड़े हुए हैं। इस फिल्म के सेट पर घर लौटने जैसा महसूस होता है।' जेंडाया ने अपनी और टॉम की दूसरी फिल्म 'द ओडिसी' के बारे में भी काफी कुछ कहा। उन्होंने बताया कि इसमें टॉम के साथ उनका कोई एक्शन सीन नहीं है जिससे उन्हें टॉम को सेट पर काम करते देखने का मौका मिलता है। उन्हें इस फिल्म पर काम करते देख उन्हें गर्व महसूस होता है। बता दें, 'द ओडिसी' 17 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें जेंडाया ने एथेना का किरदार निभाया है जो ज्ञान की देवी है और ओडीसियस की रक्षक भी।



# बॉस्को और प्रियंका की दोस्ती के हुए 25 साल

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने सोशल मीडिया पर ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी कई खूबसूरत तस्वीर शेयर की हैं। दोनों के कामकाजी रिश्ते को 25 साल पूरे हो चुके हैं, जिसका जश्न मनाते हुए बॉस्को ने एक खास पोस्ट और नोट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉस्को की इस पोस्ट पर प्रियंका ने दिलचस्प जवाब दिया है। बॉस्को मार्टिस ने इंस्टाग्राम पर अपने साथ प्रियंका चोपड़ा की कई तस्वीरें और सेल्फी शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ बॉस्को ने कैप्शन में लिखा, '25 साल पूरे और यह सफर आगे भी जारी रहेगा। प्रियंका, आपकी एनर्जी कमाल की है। आपके साथ काम करना हमेशा बहुत मजेदार होता है।' इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा सफेद रंग की स्टाइलिश ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि बॉस्को ब्लैक कपड़ों और कैप में कूल नजर आ रहे हैं।



# सुहाना के जन्मदिन पर अनन्या शनाया ने लुटाया प्यार

**मुंबई।** शुक्रवार को शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने अपना 26वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर सुहाना खान की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और शनाया कपूर ने सोशल मीडिया पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।शनाया कपूर ने अपनी सबसे अच्छी दोस्त सुहाना खान को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों रंग-बिरंगी यूरोपीय इमारतों और नावों के सामने एक साथ पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ शनाया ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे माई सु। लव यू फॉर लाइफ। जिंदगी भर के लिए ढेर सारा प्यार। सुहाना ने शन्या की इस पोस्ट को लाइक किया और इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। अनन्या पांडे ने भी अपनी दोस्त सुहाना को जन्मदिन की खास बधाई देते हुए इंस्टाग्रम स्टोरी पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है।

टीवी मसाला



# महिलाओं की सबसे बड़ी मुश्किल हल करती है 'हूज योर' सीरीज

**नई दिल्ली।** महिलाओं के यौन स्वास्थ्य से जुड़े कई मिथ्य, रूढ़ियां, और संकोच होते हैं, जो आज के प्रोग्रेसिव समय में भी देखने को मिलते हैं। हूज योर गायनेक सीजन एक स्त्री रोग विशेषज्ञ के जरिए इन्हीं समस्याओं पर गहरी बात करती है। साल 2023 में आई सबा आजाद की वेब सीरीज हूज योर गायनेक का आधार महिलाओं के यौन समस्याओं के प्रति जागरुकता थी। अब एमएक्स प्लेयर पर आया दूसरा सीजन उन समस्याओं को लेकर आया है, जिसे ज्यादातर महिलाएं इग्नोर करती हैं। कहानी पहले सीजन से आगे बढ़ती है। इस बार डॉक्टर विदुषी (सबा आजाद) के सामने नई चुनौतियां हैं। इस बार लव लाइफ तो ट्रैक पर है, लेकिन करियर पर खतरा मंडरा रहा है। उसे अपना क्लीनिक बचाना है, जिसका रेंट भरने तक के उसके पास पैसे नहीं है और क्लीनिक बंद होने की कगार पर आ खड़ा है। साथ ही साथ वह अपनी उस बेस्ट फ्रेंड को मदरहुड गिल्ट व पोस्टपार्टम डिप्रेशन से बाहर निकालने की कोशिश करती है, जिसकी डिलीवरी उसने की है। पांच एपिसोड्स के जरिए डॉक्टर विदुषी निजी जिंदगी में चुनौतियों के साथ-साथ महिलाओं के यौन संबंधी समस्याओं पर गहरी बात करती है। सीरीज में अलग-अलग केस के जरिए मदर गिल्ट, पोस्टपार्टम डिप्रेशन, हार्मोनल डिसबैलेंस के चलते बेबी कंसीव न करना, पीरियड इंटीमेसी मिथ्य, सेल्फ केयर, आइडेंटिटी, बढ़ती उम्र में पीरियड के खत्म होने के दौरान महिलाओं को होने वालीं दिक्कतें, सी-सेक्शन कराने का डर समेत कई समस्याओं को दिखाया गया है।

## खतरों के खिलाड़ी 15 में भिड़ेंगे ये प्रतिभागी

**नई दिल्ली।** इस बार टीवी और फिल्मों के चर्चित सेलेब्स 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बन रहे हैं। शो के होस्ट रोहित शेट्टी के साथ सभी प्रतियोगी साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो चुके है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। इसमें भाग लेने वाले 13 प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं। गौरव खन्ना टीवी के चर्चित एक्टर हैं, कई हिट सीरियल्स का वो हिस्सा रहे हैं। सीरियल अनुपम से उन्हें खूब पॉपुलैरिटी मिली। सीरियल 'बालिका वधू' के जरिए अविका गौर घर-घर मशहूर हुईं। सीरियल 'ये हैं मोहब्बतें' में रूही का किरदार रुहानिका धवन ने निभाया था, इस सीरियल में उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम किया। अब वह बड़ी हो चुकी हैं। मॉडल, एक्ट्रेस फराहान भट्ट रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' का हिस्सा बनकर लाइमलाइट में आई थीं। एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन भी टीवी सीरियल की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। वह टीवी एक्टर अली गोनी को डेट कर रही हैं। जैस्मिन अपने चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। ओरी सोशल मीडिया पर एक इंफ्लुएंसर के तौर पर फेमस हैं।



# आराध्या संग कान फेस्टिवल के लिए रवाना हुईं ऐश्वर्या

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय हाल ही बेटी आराध्या के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं और कहा जा रहा है कि वह कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने गई हैं। पिछले दिनों जब ऐश्वर्या उस इंटरनेशनल कॉस्मेटिक ब्रांड के वीडियो में नहीं दिखीं, जिसकी वह कई साल से एंबेसेडर हैं और Cannes में प्रमोट करती रही हैं, तो फैंस भड़क गए थे। ऐश्वर्या भी पब्लिक की नजरों से गायब थीं, जबकि कान के रेड कार्पेट पर आलिया भट्ट से लेकर बाकी सेलेब्स नजर आ रहे थे। यहां तक कि आलिया का पोस्टर भी ब्रांड के वीडियो में था। अब जब ऐश्वर्या कान जाने के लिए निकलीं और एयरपोर्ट पर नजर आईं, तो फैंस खुशी से झूम उठे। हालांकि, मुंबई एयरपोर्ट पर कुछ ऐसा हुआ, जिससे खुद ऐश्वर्या तो चौंक गईं पर उनके जेस्चर ने फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल, जब ऐश्वर्या एयरपोर्ट पर पहुंचीं, तो अफरा-तफरी में किसी की चप्पल वहां निकल गई। उसे देख ऐश्वर्या रुकीं और इशारा करके पूछा कि किसकी है और फिर पपाराजी से 'केयरफुल' रहने को कहा। इसके बाद एक फैन ने



ऐश्वर्या से तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश की, तो वह हंसी-खुशी मान गईं। उसके साथ पोज दिए और पपाराजी को बाय बोलकर आगे बढ़ गईं। ऐश्वर्या जल्दी में थीं, फिर भी उन्होंने फैंस और पपाराजी को वक्त दिया। उनकी इसी अदा ने यूजर्स का दिल जीत लिया है।

# पूजा ने आमिर के साथ साझा की पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** 90 के दशक की फिल्में, गाने और सेलेब्स की जोड़ियां आज भी सिनेमाप्रेमियों की पहली पसंद हैं। इस बीच अभिनेत्री व फिल्ममेकर पूजा भट्ट ने आमिर खान के साथ 90 के दशक की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरें किसी फोटोशूट की मालूम पड़ती हैं। हालांकि, पूजा ने इन तस्वीरों के पीछे की कहानी को लेकर जो कुछ कहा है, उसको लेकर फैंस और भी उत्साहित हैं और इनके पीछे की कहानी जानना चाहते हैं। पूजा भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर आमिर खान के साथ 90 के दशक के एक फोटोशूट की दो तस्वीरें साझा की हैं। ये पुरानी तस्वीरें मशहूर फोटोग्राफर गौतम राज्याध्यक्ष ने खींची थीं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूजा ने कैप्शन में लिखा, 'एक दिन मैं गौतम राज्याध्यक्ष के ह्यूजेस रोड स्थित आलीशान घर की बालकनी में खींची गई इन तस्वीरों के पीछे की कहानी जरूर साझा करूंगी। लेकिन, अभी नहीं। इससे पहले आमिर को याद दिला दूं और जितेश पिल्लई को (जैसा कि मैंने बहुत समय पहले वादा किया था) सारी जानकारी देकर उन्हें खुश कर दूं। तस्वीरों में आमिर और पूजा यंग नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग करते हुए सफेद रंग के कपड़े पहने हुए हैं। दोनों साथ में प्यारा पोज दे रहे हैं। पूजा भट्ट और आमिर खान ने 1991 की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दिल है के मानता नहीं' में एक साथ काम किया था। इसका निर्देशन पूजा भट्ट के पिता और दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसके गाने आज भी कई लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल हैं। फिल्म में आमिर ने पत्रकार रघु जेटली का किरदार निभाया था, जबकि पूजा ने अमीर घर की वारिस पूजा धर्मचंद की भूमिका निभाई थी। पूजा भट्ट हाल ही में 'बॉम्बे बेगम्स' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। जबकि आमिर खान पिछले साल आई फिल्म 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में अपने बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' को प्रोड्यूस किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

खास अंदाज में दिखे सितारे



बहुत पसंद किया गया यह गाना, लिरिक्स में छिपा है पिता का दर्द

# बेटे से बिछड़ने के गम में लिखा गाना, लव सॉन्ग समझकर गाते हैं लोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आ लौट के आजा मेरे मीत... गाना सुनकर ज्यादातर लोगों को लगता है कि यह प्रेमी-प्रेमिका के विरह का गाना है। पर इस गाने के बनने की कहानी बेहद इमोशनल करने वाली है। हकीकत जानने के बाद जब आप इसके बोल ध्यान से पढ़ेंगे तो अहसास होगा कि इसमें एक पिता का दर्द छिपा है। यह गाना रानी रूपमति का है। इसे पंडित भरत व्यास ने लिखा था। यही नहीं, उनका एक और गाना अपने बेटे से बिछड़ने के बाद का जिनमें एक पिता की पीड़ा महसूस की जा सकती है। यह कहानी कम लोग जानते हैं।

## बेटे की याद में आ लौट के आ जा मेरे मीत

इसके बाद रानी रूपमति के गाने 'आ लौट के आ जा मेरे मीत' में भी भरत व्यास ने बेटे की याद में लिखा था। अब आप जब इस गाने को सुनेंगे या लिरिक्स पढ़ेंगे तो उनका कलेजा चीरने वाला दर्द साफ पता चलेगा। यह गाना बहुत पसंद किया गया। अच्छी बात यह थी इसके बाद उनका बेटा वापस आ गया।



## ऐसे लिखा जरा सामने तो आ छलिए

बच्चे की तलाश जारी थी। हर जतन किया जा रहा था। दूसरी ओर भरत व्यास का काम से मन हट गया। वह गुमसुम रहने लगे और चिड़चिड़े हो गए। बताया जाता है कि एक दिन एक प्रोड्यूसर ने उनसे गाना लिखने की दरख्वास्त की। भरत परेशान थे, उन्होंने गुस्से में ना कह दिया। उनकी पत्नी ने निर्माता से कहा कि वह उन्हें समझाएंगी। भरत की पत्नी ने उन्हें समझाया तो वह राजी हो गए। भरत व्यास ने 'जरा सामने तो आ ओ छलिए' गाना अपने बेटे की याद में लिखा। गाने को लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी ने गाया।

## पिता की वेदना से निकला था गाना

आ लौट के आजा मेरे मीत, जरा सामने तो आओ छलिये ये दो गाने भरत व्यास ने अपने बेटे से बिछड़ने के बाद लिखे थे। 1957 की म्यूजिकल हिट 'जनम जनम के फेरे' का एक गाना आज तक सुना जाता है। फिल्म रिलीज के वक्त यह रेडियो पर प्रसारित होता था और लोगों ने इसे बहुत पसंद किया। गाना दिल की गहराई तक उतरता है। कम लोग जानते हैं कि गाने को बोलों में छिपी वेदना एक पिता की संवेदना से आई थी। गाना भरत व्यास ने उस वक्त लिखा था जब वह अपने बेटे के रूठकर कहीं चले जाने के दर्द से गुजर रहे थे।

## नाराज होकर चला गया था बेटा

भरत व्यास का बेटा श्याम सुंदर दास बहुत लाडला था। छोटी-छोटी बातों का उस पर गहरा असर हो जाता था। एक दिन वह अपने पिता की किसी बात से नाराज हो गया। गुस्से में घर से चला गया। बेटे को बहुत खोजा गया। विज्ञापन दिए, पोस्टर लगाए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे हर जगह प्रार्थना की। बेटा नहीं मिला। भरत व्यास इस दर्द में थे। बेटे के जाने का गम उन्हें खाए जा रहा था। वह डिप्रेशन में जाने लगे और अपराधबोध में आ गए।

## खबर संक्षेप

### महाराजा अरुट जयंती पर मेडिकल कैम्प 24 को

**हिसार।** महाराजा अरुट सभा द्वारा महाराजा अरुट जयंती के उपलक्ष्य में 24 मई को राजगुरु मार्केट स्थित पंजाबी धर्मशाला में फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। सभा के प्रधान मेहरचंद मनचंदा व महासचिव जितेंद्र भारती ने बताया कि कैम्प में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मृदुल अरोड़ा, श्वास, एलर्जी, छाती, फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ. अश्वेन्द्र सिंह चावड़ा, चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ. अनूप गोयल, कान,नाक व गला रोग विशेषज्ञ डॉ. रिया ठकराल छाबड़ा व दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मनन आहुजा रोगियों की जांच कर उन्हें फ्री दवाईयां भी देंगे। शिविर में पंजाबी वेलफेयर सोसायटी, भारती सेवा सदन, हनुमान मंदिर बुधला संत सभा व नृसिंह प्रहलाद रामलीला दशहरा सभा आदि संस्थाओं का सहयोग रहेगा।

### योग दिवस से पहले स्कूली छात्रों ने किया योगाभ्यास

**नारनौंद।** गांव कागसर के सरकारी स्कूल में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। आयुष योग सहायक पूनम देवी के द्वारा तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल की शुरुआत की गई। इस योग प्रोटोकॉल में स्कूल के मुख्य अध्यापक जितेन्द्र, पीटीआई अशोक कुमार सहित स्कूल के स्टाफ ने भाग लिया। इस पहल से स्कूल व स्टाफ को प्रार्थना, मंत्रों, ताड़ासन, कपाल भाति, अनुलोम-विलोम आदि से लेकर शांति पाठ तक पूरा प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया।

### टग ऑफ वॉर हरियाणा का ट्रायल कल मंगाली में

**हिसार।** जम्मू कश्मीर में होने वाली 28वीं सब जूनियर लड़कियां और लड़के, 39वीं जूनियर लड़के और लड़कियां और 39वीं सीनियर पुरुष और महिला टग ऑफ वॉर नेशनल टूर्नामेंट कुलगाम (कश्मीर) में 23 से 29 जून तक टग ऑफ वॉर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले आयोजित होने जा रही है।

### रूढ़िवादी सोच के खिलाफ उठा जागरूकता का संदेश

**हिसार।** गांव सातरोड़ में सुरेश सिंघानिया के परित्राण पाठ कार्यक्रम के अवसर पर भिक्षु कांशी रत्न ने पहुंचकर धम्म संदेश दिया व समाज को संतों एवं महापुरुषों की मानवतावादी विचारधारा पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम सामाजिक जागरूकता भाइचारे शिक्षा पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक परिवर्तन को समर्पित रहा। भिक्षु कांशी रत्न ने कहा कि संतों एवं महापुरुषों ने हमेशा मानवता, समानता शिक्षा और प्रेम का मार्ग दिखाया है।

### रोटरी सेंट्रल हिसार ने टीबी के 10 मरीजों को लिया गोद

**हिसार।** समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत संस्था रोटरी सेंट्रल ने टीबी रोगियों के स्वास्थ्य सुधार के लिए 10 मरीजों को प्रोटीन युक्त आहार उपलब्ध कराने के लिए गोद लिया गया। इस संबंध में पंजाबी धर्मशाला, पटेल नगर, हिसार में एक विशेष प्रोटीन डाइट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें चयनित मरीजों को पौष्टिक आहार सामग्री वितरित की गई। रोटरी सैंट्रल हिसार द्वारा आयोजित यह प्रोटीन डाइट वितरण का सातवां कैंप था। इससे पहले भी क्लब ने 20 टीबी मरीजों को 6 महीने तक प्रोटीन डाइट उपलब्ध करवाई थी।

### निःशुल्क मेगा ऑर्थोपेडिक कैंप 24 को अग्रसेन भवन में

**हिसार।** लायंस क्लब हिसार गौरव एवं स्मर्थ फाउंडेशन हिसार के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 24 मई को अग्रसेन भवन में सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक निःशुल्क मेगा ऑर्थोपेडिक कैंप का आयोजन किया जाएगा। शिविर में दिल्ली के प्रतिष्ठित सीके बिरला अस्पताल के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। इनमें डॉ. अश्वनी मैचंद एमएस (ऑर्थो), एमसीएच (ऑर्थो), फेलोशिप जॉइंट रिप्लेसमेंट (यूएसए एवं जर्मनी) तथा डॉ. महेश चौधरी, ऑर्थोपेडिक एवं एडवांस रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट यूनिट शामिल रहेंगे। लायंस क्लब हिसार गौरव के प्रधान आरोहित खट्टर ने बताया कि शिविर में मरीजों को विभिन्न आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी।

## सब-स्टाफ व सुरक्षा गार्ड बढ़ाने की मांग, मांग नहीं मानी तो आंदोलन जारी रहेगा

# एसबीआई यूनियन ने किया 25 व 26 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया यूनियन ने 25 और 26 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। यूनियन का कहना है कि बैंकों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भारी कमी के चलते कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ गया है, जिससे बैंकिंग कार्य प्रभावित हो रहे हैं। यूनियन के सहायक महासचिव भूपेंद्र गुदली व अन्य नेताओं ने मांग उठाई कि खाली पड़े पदों पर जल्द भर्ती की जाए, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए स्थायी सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति हो। उनका कहना है कि स्टाफ की कमी से शाखाओं में कामकाज ठप हो रहा है और ग्राहकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। हिसार की एसबीआई मुख्य शाखा समेत जिले की कई शाखाओं में हड़ताल का असर देखने को मिलेगा।



हिसार। नारेबाजी करते यूनियन पदाधिकारी व कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### भवन निर्माण मजदूर संघ ने मांगों को लेकर फूंका पुतला

**नारनौंद।** तहसील नारनौंद भवन निर्माण मजदूर संघ (इंटक) ईकाइके प्रधान फूलकुमार मिलकपुर की अध्यक्षता में गांव कागसरमें गोस्वामी धर्मशाला में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। सभी ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए श्रम मंत्री और मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। सरकार को चेतावनी देगी कि जल्द ही हमारी मांगे पूरी नहीं की तो बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। मीटिंग का संचालन तहसील के महामंत्री नफे सिंह कागसर ने किया। बैठक में सैकड़ो मजदूर उपस्थित हुए।



हिसार। कर्मचारियों को संबोधित करते विधायक चंद्रप्रकाश। फोटो: हरिभूमि

### सफाई कर्मियों ने सरकार का पुतला फूंका

**हिसार।** हड़ताल पर चले रहे ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने शुक्रवार को फव्वारा चौक पर प्रदर्शन किया और सरकार के पुतले का दहन किया। उधर, यूनियन ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने समय रहते मांगों का समाधान नहीं किया तो हड़ताल को आगे बढ़ाते हुए और आंदोलन को तेज किया जाएगा। इससे पूर्व यूनियन के सदस्यों को क्रांतिमान पार्क में मीटिंग हुई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान सुंदर चौहान ने की और संचालन जिला सचिव राकेश कुमार ने किया। इस मौके पर उकलाना से विधायक नरेश सेलवाल तथा आदमपुर से विधायक चंद्र प्रकाश ने यूनियन का समर्थन किया और कहा कि उनकी आवाज को विधानसभा में उठाया जाएगा।



हांसी। एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में स्प्लैश पूल पार्टी में पानी में मस्ती करते नन्हे-मुन्ने बच्चे। फोटो: हरिभूमि

## एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सजी स्प्लैश पूल पार्टी

**हांसी।** सनातन धर्म मॉडर्न पब्लिक विद्यालय परिसर में प्री-नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए शुक्रवार को स्कूल प्रांगण में रंगारंग स्प्लैश पूल पार्टी का आयोजन किया गया। गर्मी के मौसम में बच्चों ने पानी में खेलते हुए खूब मस्ती की और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पार्टी के दौरान बच्चों के लिए रंग-बिरंगी पूल गतिविधियां, वाटर गेम्स और संगीत की विशेष व्यवस्था की गई थी। पानी में अठखेलियां करते बच्चों की हंसी और खिलखिलाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। शिक्षकों ने बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा तथा उनके साथ खेलों में सहभागिता कर उनका उत्साह बढ़ाया।

# पैदल डीसी ऑफिस पहुंचे किसान

- बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों व हुए अन्य नुकसान के मुआवजे की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भारतीय किसान मजदूर यूनियन की पैदल यात्रा शुक्रवार सुबह नियाणा से शुरू हुई जो कि हिसार पहुंची और हिसार के मुख्य मार्गों से होते हुए जिला उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई कि किसानों व ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई करके सरकार तुरंत प्रभाव से किसानों, ग्रामीणों व गरीब मजदूरों को उनके हुए नुकसान का मुआवजा दे।

यूनियन ने मांग उठाई कि इसके लिए तुरंत प्रभाव से सिंचाई एवं अभियांत्रिकी विभाग को पैसे का प्रबंध करवाया जाए तथा पिछले साल हुए जलभराव से खराब हुई फसलों, मकानों व पशु हानि का मुआवजा प्रभावित किसानों और मजदूरों को दिया जाए, जो कि अब तक नहीं दिया गया है। प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य प्रधान सुरेश कौथ ने किया।




हिसार। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारी, सदस्य एवं किसान। फोटो: हरिभूमि

### बाढ़ सुरक्षा का मिला आश्वासन

यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता जोगेन्द्र मैयड़ ने बताया कि पिछले दिनों यूनियन का प्रतिनिधिमंडल सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी से मिला था। उन्होंने आश्वासन दिया था कि हर किसान और मजदूर को नुकसान की भरपाई की जाएगी और बाढ़ से बचाव के पूरे प्रबंध किए जाएंगे। उसी दिन चीफ इंजीनियर सिंचाई विभाग ने सभी गांवों के प्रार्थना पत्र एक्सईएन सिंचाई विभाग हिसार तथा हांसी को उचित कार्यवाही के लिए भेज दिए थे।



## शिविर में 122 लोगों ने किया रक्तदान

**हिसार।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तोशाम रोड के प्रधानाचार्य सुनील सचदेवा के मार्गदर्शन में दा इंस्पायर इंडिया एनजीओ के तत्वाधान में शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्रा सहित स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिविर में 122 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। एनजीओ की तरफ से ब्लड डोनर को रिफ्रेशमेंट, प्रमाण पत्र व गिफ्ट दिए गए I इस अवसर पर संस्थान के वर्ग अनुदेशक ललित कुमार पूनिया ने कहा कि आइए, रक्तदान करें और किसी के परिवार की मुस्कान बनें जैसी मुहिम को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान दें। इस अवसर पर दा इंस्पायर इंडिया एनजीओ की तरफ से प्रवेश कुमार, संस्थान के अनुदेशक मुकेश लावट, अनूप सिंह, प्रदीप कुमार, मनीष कुमार आदि रहे।

# 4103 शिकायतों का समाधान, 217 लंबित

- समाधान प्रकोष्ठ को लेकर डीसी ने अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

समाधान प्रकोष्ठ को लेकर सभी विभागों की बैठक उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों को ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से संबंधित विभागों को तुरंत भेजकर इनके निस्तारण की समय-सीमा निर्धारित की जाती है। संबंधित शिकायतकर्ता को शिकायत पर हुई कार्रवाई की जानकारी एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाए। बैठक के दौरान उन्हें अवगत करवाया गया कि समाधान शिविर में कुल 6 हजार 208 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 4 हजार 103 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 1712 शिकायतें विभागों द्वारा अस्वीकृत की गई हैं, जबकि 217 शिकायतें वर्तमान में लंबित हैं। उपायुक्त ने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से समाधान किया जाए तथा हर मामले में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित हो। उपायुक्त ने विभाग वार शिकायतों की समीक्षा करते हुए हुए अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के बाद उसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट नए फॉर्मेट में भरकर तुरंत समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निपटान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। बैठक में जिला नगर आयुक्त नीरज, एसडीएम ज्योति मित्तल, सीटीएम सुभाष चंद्र, डीडीपीओ नरेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



हिसार। वीसी के दौरान उपस्थित उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो: हरिभूमि

### हांसी में केवल 7 प्रतिशत शिकायतें लंबित : डीसी

**हांसी।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गति को लगातार बनाए रखा जाए तथा लंबित मामलों का भी निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि जिला में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों को नागरिकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है और अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है।

## बिजली सुधार कार्यों तथा भविष्य की परियोजनाओं की विस्तार से की समीक्षा

# बरवाला की बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए कैबिनेट मंत्री गंगवा ने लिया अपडेट

- आमजन को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध करवाना सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने शुक्रवार को बरवाला में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में चल रहे बिजली सुधार कार्यों तथा भविष्य की परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने बिजली व्यवस्था से जुड़े प्रत्येक कार्य की प्रगति रिपोर्ट ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध करवाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।



बरवाला। बिजली व्यवस्था में सुधार को लेकर बुलाई गई बैठक में बिजली निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, रणधीर धीरू, चेयरमैन प्रवीण सैनी, रमेश बैटरीवाला, ताराचंद नलवा, रोशन घनघस, मोनू संदूजा, मनीष गोयल, देवेंद्र शर्मा, एसडीएम अश्वीर नैन सहित बिजली निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

## मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो काबू

**हिसार।** पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने, दांत तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बरवाला के वार्ड 18 निवासी राहुल व वार्ड 16 निवासी श्याम के रूप में हुई है। इस संबंध में वार्ड एक बरवाला निवासी अनिल ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार वह बिजली निगम बरवाला में ठेकेदारी का काम करता है। गत आठ मई की रात वह अपने साथियों रवि और अक्षय के साथ मोटरसाइकिल मोती लुहार वाली गली से सब्जी व दूध लेने गया था। जब वे कृष्ण डॉक्टर की दुकान के पास पहुंचे तो एक स्कूटी पर सवार चार लड़कों ने उनकी मोटरसाइकिल के आगे अपनी स्कूटी अड़ाकर रास्ता रोक लिया।

## न्यूज डायरी



### जनकल्याण कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी

**हिसार।** प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन बनने पर विभिन्न जिलों से कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने विधायक चंद्रप्रकाश के विश्वकर्मा कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचकर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक चंद्रप्रकाश ने संगठनों के प्रतिनिधियों, विभिन्न जिलों के कार्यकर्ताओं व हलकावासियों से मुलाकात की और इस बात के लिए आश्वस्त किया कि ओबीसी वर्ग को एकजुट करते हुए जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन के दायित्व का निर्वहन करते हुए ओबीसी वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास किए जाएंगे और पिछड़ा वर्गों के हक और न्याय के लिए संघर्ष में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।



### जैविक विविधता दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

**हिसार।** हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड व राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के निर्देशानुसार हरियाणा राज्य जैविक विविधता बोर्ड एवं राइट टू क्लीन एयर ग्रुप ने संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल जहाजपुर में किया। कार्यक्रम में आठ स्कूलों के करीब 150 विद्यार्थियों ने सिंगिंग, क्विज और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ममता देवी व नीलम ढांडा ने किया।



### शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को मिली जानकारी : प्रो. काम्बोज

**हिसार।** एचएयू में शुक्रवार को 'नो व्हीकल डे' मनाया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की अपील के तहत आयोजित किया गया। कुलपति प्रोफेसर बी आर काम्बोज सहित अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने निजी व सरकारी वाहनों का उपयोग नहीं किया और पैदल, साइकिल व अन्य पर्यावरण-अनुकूल साधनों से अपने कार्यस्थलों तक पहुंचे। प्रो. काम्बोज ने कहा कि यह पहल स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवनशैली और सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रत्येक शुक्रवार को साइकिल या पैदल आने का आह्वान किया है।



### विद्यार्थियों ने शैक्षणिक संस्थानों का किया भ्रमण

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने इस दौरान शैक्षणिक संस्थानों में मृदा विज्ञान एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की जिसमें 30 एमएससी व पीएचडी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिकों ने कुलपति के साथ मुलाकात कर भ्रमण से संबंधित तमाम जानकारी दी। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को नई तकनीकों, अनुसंधान कार्यों एवं आधुनिक उपकरणों की जानकारी मिलती है।



### डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सुनिश्चित करें अधिकारी

**हिसार।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय संचालन समिति की वीडियो कॉन्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त महेंद्र पाल ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जिले में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हिसार नगर निगम क्षेत्र में शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, गीले एवं सूखे कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण तथा सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की अनुपालना में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने लीगेसी वेस्ट के वैज्ञानिक निपटान के लिए बायो-रेमेडिएशन कार्य को मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि कचरे के निष्पादन की प्रक्रिया को पर्यावरण मानकों के अनुरूप रखा जाए।

### लाइसेंसी बंदूक चोरी मामले में सह आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अग्रोहा क्षेत्र में मकान से लाइसेंसी बंदूक और 29 कारतूस चोरी करने के मामले में पुलिस ने सह आरोपी पवन को गिरफ्तार किया है। आरोपी नंगथला गांव का निवासी है। शिकायतकर्ता सुरेश कुमार ने बताया कि वह रात को अपने किराए के मकान को ताला लगाकर निर्माणाधीन मकान में सोने चले गए थे। सुबह लौटने पर मकान का ताला टूटा मिला और उनकी 12 बोर की लाइसेंसी दोनाली बंदूक व कारतूस गायब थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया। उसे अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मुख्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ट्रकों से डीजल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले आरोपी दीपांशु को गिरफ्तार किया है। आरोपी भिवानी जिले के दुर्जनपुर गांव का निवासी है। पुलिस ने उसके कब्जे से 5 हजार रुपये नकद, एक ऑल्टो कार और ताला तोड़ने वाला पेचकस बरामद किया है। शिकायतकर्ता कुलवंत ने बताया कि वह ट्रक लेकर बिहार जा रहे थे और हांसी बाइपास पर ट्रक खड़ा कर आराम कर रहे थे। सुबह शोर सुनने पर उन्होंने देखा कि दो युवक ट्रकों से डीजल चोरी कर रहे थे। आरोपी मौके से फरार हो गए थे। जांच में तीन ट्रकों से करीब 600 लीटर डीजल चोरी होना पाया गया।

### नशा सप्लायर गिरफ्तार, नकदी बरामद

**नारनौंद।** पुलिस ने नशा सप्लाई करने वाले दिनेश उर्फ बको को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुलचानी गांव का निवासी है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। एएसआई सुशील कुमार ने बताया कि 21 मई को गश्त के दौरान पुलिस ने श्याम उर्फ काला को पकड़ा था, जिसके पास से 5 किलो गांजा मिला था। पूछताछ में श्याम ने बताया कि उसे गांजा दिनेश उर्फ बको सप्लाई करता था। इसके बाद सीआईए स्टाफ नारनौंद ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दिनेश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### गुमशुदा मोबाइल असली मालिकों को लौटाए

**हिसार।** जिला पुलिस की साइबर सुरक्षा शाखा ने गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके असली मालिकों तक पहुंचाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। साइबर सुरक्षा शाखा ने मई माह के तीसरे सप्ताह के दौरान प्राप्त मोबाइल गुमशुदगी की 15 शिकायतों का सफलतापूर्वक समाधान करते हुए लाखों रुपये कीमत के 15 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने अपने कार्यालय में मोबाइल फोन के असली मालिकों को बुलाकर उन्हें उनके मोबाइल फोन सुपुर्द किए।

### बीयर व देसी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**उकलाना।** नशा तस्करों एवं अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्वेट कमांडो टीम-1 व डॉग स्क्वायड की टीम ने एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में बुढाखेड़ा गांव में सघन चैकिंग अभियान चलाया। गांव बुढाखेड़ा क्षेत्र में शराब के खुर्दों की सघन तलाशी अभियान के दौरान कुलदीप के घर से भारी मात्रा में अवैध बीयर बरामद हुई। पुलिस द्वारा आरोपी के घर से कुल 192 बोतल अवैध बीयर व 60 बोतल माल्टा मस्ती, 26 बोतल शाही व 11 बोतल माल्टा शराब बरामद की गई। आरोपी कुलदीप को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

### सट्टा खाइवाली करते दो आरोपी नकदी सहित पकड़े

**हांसी।** हांसी में अपराध शाखा पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर सरेआम सट्टा खाईवाली करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सेठी चौक निवासी रिंकु और उमरा गेट निवासी अमित के रूप में हुई है।पुलिस प्रवक्ता संदीप शर्मा के अनुसार, पहली कार्रवाई में टीम ने हिसार चुंगी क्षेत्र के त्रिकोणा पार्क के पास दबिश देकर रिंकु को पकड़ा। उसके पास से सट्टा पर्ची, बॉल पेन और 37,500 रुपये नकद बरामद हुए।दूसरी कार्रवाई में गीता चौक क्षेत्र में उमरा गेट के पास से अमित को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 20,300 रुपये नकद, सट्टा पर्ची और बॉल पेन बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### गुरु जम्भेश्वर विवि ने किया एमओयू

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने ओपन लर्निंग ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के साथ एआई-सक्षम डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के क्रियान्वयन के लिए एक महत्वपूर्ण एसएएएस (सॉफ्टवेयर एज ए सर्विस) समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा ओपन लर्निंग ग्लोबल की ओर से अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता रूपेश सिंह ने हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय को वैश्विक स्तर की डिजिटल शिक्षा प्रणाली से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

### गुजवि के नौ विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के माध्यम से परसूट फ्यूचर टेक्नोलॉजीज की ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक और एमबीए के नौ विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में बीटेक सीएसई से राधिका साठे, कोमल, अभय सिंह, मयंक और खुशबू, बीटेक ईसीई से चिराग, एमबीए जनरल से मुस्कान श्योराण, एमबीए आईबी से पायल सिसोदिया तथा एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स से आशीष कुमार शामिल हैं।विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## एसडीएम के आश्वासन पर टला रोड जाम, ग्रामीणों का 25 तक अल्टीमेटम

# चानौत गांव में आंदोलनकारी महिलाओं ने मटके फोड़कर की जमकर नारेबाजी

बिजली-पानी की किल्लत पर चानौत गांव में चल रहा धरना सातवें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी


हांसी। खाली मटके फोड़ प्रदर्शन करती ग्रामीण महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

बरवाला रोड स्थित चानौत गांव में बिजली और पेयजल की समस्या को लेकर चल रहा ग्रामीणों का धरना शुक्रवार को सातवें दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने शुक्रवार को हांसी-बरवाला रोड जाम करने की चेतावनी दी थी, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और स्थिति संभालने के लिए एसडीएम राजेश खोथ, डीएसपी रविंद्र सांगवान सहित पीडब्ल्यूडी और बिजली निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। धरने पर बैठे ग्रामीणों को जल्द समस्याओं का समाधान किए जाने का आश्वासन देकर प्रस्तावित रोड जाम टलवाया। हालांकि ग्रामीणों द्वारा दी रोड जाम की चेतावनी के मद्देनजर किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। हालांकि अभी तक स्थिति सामान्य है।

### 5 सदस्यीय कमेटी बनाने का सुझाव

धरने पर बैठे ग्रामीणों द्वारा रोड जाम किए जाने का अल्टिमेटम दिए जाने के बाद एसडीएम राजेश खोथ के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला धरना स्थल पहुंचा और एसडीएम राजेश खोथ ने ग्रामीणों से बंद कमरे में बैठक की। उन्होंने कहा कि रोड जाम से आम जनता को परेशानी होगी और समाधान निकालना मुश्किल हो जाएगा। एसडीएम खोथ ने ग्रामीणों को समस्याओं के स्थाई समाधान हेतु 5 सदस्यीय कमेटी बनाने का सुझाव दिया, ताकि कमेटी की विभाग के उच्च अधिकारियों से मीटिंग करवाई जा सके। एसडीएम राजेश खोथ से मिले आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने रोड जाम का फैसला वापस ले लिया। सरपंच हिमांशु ने बताया कि समस्याओं का समाधान नहीं होने तथा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा धरने पर बैठे ग्रामीणों सुध नहीं लिए जाने पर मजबूरी में रोड जाम का निर्णय लिया गया था।

### जताया रोष

अधिकारियों से बातचीत के दौरान महिलाओं ने हांसी-बरवाला रोड पर प्रदर्शन करते हुए सैकड़ों खाली मटके फोड़कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से बिजली और पेयजल की गंभीर समस्या है, और समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर लगातार प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित शिकायत देकर समाधान की मांग की गई लेकिन प्रशासन और संबंधित विभाग गांव की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज करते आ रहे थे। जिसके चलते ग्रामीणों को मजबूरन आंदोलन व धरने का रास्ता अपनाना पड़ा।

### 25 मई तक पाइप लाइन का हो टेंडर

ग्रामीणों ने शुक्रवार शाम तक आपसी सहमति से 5 सदस्यीय कमेटी गठित करने का निर्णय लिया है। गांव निवासी अनूप सिंह ने कहा कि जिस पाइपलाइन से शहर के लोग पानी पी रहे हैं, उस पर ग्रामीणों का भी बराबर का हक है। उन्होंने प्रशासन को 25 मई तक का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि तब तक गांव के लिए पाइपलाइन का टेंडर जारी नहीं किया गया तो ग्रामीण खुद कनेक्शन जोड़ने को मजबूर होंगे।

### एक सप्ताह में की जाएगी कार्रवाई

जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि एक सप्ताह के भीतर समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी कर्मचारी की लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

## 11 जून को मंत्री आवास घेराव की चेतावनी

# ग्रामीण जलापूर्ति पंचायतों को सौंपने के विरोध में कर्मचारियों का प्रदर्शन


हिसार। मांगों को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते यूनियन पदाधिकारी।

- अधीक्षक अभियंता के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन, मुख्यालय करनाल एवं हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित कर्मचारियों ने शुक्रवार को अधीक्षक अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी परिमंडल हिसार कार्यालय के सामने जोरदार रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने अधीक्षक अभियंता के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान ने की, जबकि मंच संचालन जिला सचिव राजेश नलवा ने किया।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं को ग्राम पंचायतों के अधीन करने के सरकार के फैसले का कड़ा विरोध किया। साथ ही कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, एनपीएस समाप्त करने, पुरानी एक्सग्रेसिया नीति लागू करने, मेडिकल कैशलेस नीति में सुधार, खाली पदों पर पदोन्नति, आठवें वेतन आयोग का लाभ देने, कोरोना काल का डीए एरियर जारी करने तथा लंबित एलटीसी, वर्दी भत्ता और अन्य भत्तों का भुगतान करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ग्रामीण जलघरों को पंचायतों के अधीन करने का फैसला वापस नहीं लेती तो 11 जून 2026 को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार स्थित आवास का घेराव किया जाएगा।

# निगम के बाहर कॉकरोच जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

- निगम पर 150 गज जमीन पर कब्जे करने का आरोप, लोगों को कर रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार


हिसार। जेसीबी लेकर निगम कार्यालय पहुंचने वाले कार्यकर्ता।

शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के बीच शुक्रवार को कॉकरोच जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। मदद संस्था के अध्यक्ष संजीव भोजराज व अन्य कार्यकर्ता जेसीबी लेकर नगर निगम कार्यालय पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने खुद को कॉकरोच जनता पार्टी का कार्यकर्ता बताया और कहा कि निगम ने खुद 150 गज जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है और कब्जे हटाने के नाम पर शहरवासियों को परेशान कर रहा है।

संजीव भोजराज ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि ये अवैध कब्जे नहीं हटाए गए, तो अगली बार पार्टी खुद कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि शहरभर में निगम और एचएसवीपी हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देकर अतिक्रमण हटा रहे हैं, लेकिन अधिकारी स्वयं नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। भोजराज ने आरोप लगाया कि निगम कार्यालय के मुख्य गेट के दोनों ओर ग्रिल लगाकर लगभग 150 गज जगह पर अवैध कब्जा किया गया है। मौके पर माप-तोल करते हुए उन्होंने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी लगातार जनता की आवाज उठा रही है और आम लोगों के साथ हो रहे भेदभाव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन गरीब दुकानदारों, रेहड़ी संचालकों और आम जनता पर कार्रवाई कर रहा है, जबकि सरकारी कार्यालयों के बाहर हुए कब्जों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

### जून में होंगे जिला बार एसोसिएशन के चुनाव

**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन की जनरल हाउस की शुक्रवार को मीटिंग हुई। मीटिंग में हिसार बार के सदस्यों द्वारा सुझाव रखें गए। बार के सदस्यों के सुझाव को ध्यान में रखते हुए हिसार बार द्वारा सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि हिसार बार के सालाना चुनाव जल्द से जल्द करवाए जाएं और इस बारे में दलीप जाखड़ अधिवक्ता को चुनाव अधिकारी के तौर पर सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया और चुनाव करवाने की जिम्मेदारी दी गई, हिसार बार की एडहॉक कमेटी द्वारा जनरल हाउस में इस्तीफा दिए जाने के बाद हिसार बार के रोजमर्रा के कार्यो की जिम्मेदारी चुनाव अधिकारी दलीप जाखड़ अधिवक्ता को दी गई। चुनाव समिति द्वारा यह निर्णय लिया कि हिसार बार के सालाना चुनाव 12 जून को होंगे, जिसमें कुल पांच (प्रधान, उप प्रधान, सचिव, सह सचिव व कोषाध्यक्ष) पदों के लिए होंगे।

# राजथल में बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीणों में रोष, एसडीओ से मिले

- निगम अधिकारियों से मिलकर जताया विरोध, अफसरों ने मंगलवार तक का मांगा समय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद


नारनौंद। बिजली घर में एसडीओ प्रदीप हुड्डा से बातचीत करते ग्रामीण।

पिछले काफी दिनों से गांव राजथल में बिजली की समस्या बनी हुई है। जब भी बिजली आती है तो काफी कम वोल्टेज होती है और लगातार कट लगते हैं। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। शुक्रवार को ग्रामीण भारी संख्या में इकट्ठे होकर बिजली घर में अधिकारियों से मिलने के लिए पहुंचे और समस्या से अवगत कराया। अधिकारियों ने मंगलवार तक का समय देते हुए कहा कि समस्या का समाधान कर दिया जाएगा वहीं ग्रामीणों ने कहा है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बिजली घर के बाहर ही धरना शुरू कर दिया जाएगा।

ग्रामीण जीता मान, शक्ति मान, जोगिंदर सिंह, संदीप, रोहित चहल, रमेश बिसला, काला चहल, अशोक, राजबीर, कृष्ण, मुख्तयार, मोनू, रमेश, मंजीत, बलजीत आदि ने बताया कि गांव राजथल में पिछले काफी दिनों से बिजली की समस्या बनी हुई है। कम वोल्टेज आने से घरों के सभी काम अधूरे पड़े रहते हैं। शाम के समय पशुओं के लिए चारा काटने के लिए मशीन भी नहीं चलती जिसके कारण पशु भूखे रह जाते हैं। पानी के लिए समर्सिबल भी नहीं चलता। पानी की भी भारी की लत झेलनी पड़ रही है।

# बाइक फूंकने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

आजाद नगर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने और उसकी बाइक को आग लगाने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान भिवानी रोहिल्ला निवासी सुरेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में कैमरी रोड गंगवा निवासी रामविलास ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुार वह पेशे से सब्जी विक्रेता हैं। गत 13 अप्रैल को आरोपी ने उसे जलवा पूजन के कार्यक्रम के लिए सब्जी का ऑर्डर देने के बहाने फोन करके बुलाया था। जब रामविलास अपने परिचित की बाइक लेकर आजाद से रोहताश के घर के बाहर पहुंचे तो वहां घात लगाकर बैठे आरोपी और उसके एक अन्य साथी ने जान से मारने की नीयत से उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में रामविलास के सिर और दोनों हाथों पर गंभीर चोटें आई। हमलावरों ने पीड़ित को घर के अंदर फेंक दिया और उसकी बाइक की चाबी छीन ली। पीड़ित ने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई, जिसके बाद उसके भाई सुनील ने उन्हें सिविल अस्पताल हिसार में दाखिल कराया। बाद में आरोपियों ने पीड़ित की बाइक को भी आग लगा दी। पुलिस ने इस संबंध में जांच करते हुए मुख्य आरोपी सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिय है। पूछताछ के बाद आरोपी के कब्जे से वारदात के समय हमला करने के लिए इस्तेमाल किया गया चिमटा व वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद कर ली गई है।

### ओशो ध्यान उपवन में एक दिवसीय मेडिटेशन कैंप 24 को

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 24 मई को एक दिवसीय मेडिटेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप प्रातः 8 बजे शुरू होगा और सायं 5 बजे समापन होगा, इस दौरान विभिन्न सत्र रहेंगे। इस मेडिटेशन कैंप में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधक हिस्सा लेंगे। मेडिटेशन कैंप के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि ध्यान का जीवन में अत्यधिक महत्व है। इसलिए 24 मई के मेडिटेशन कैंप में ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा।

प्रयोगशालाओं को बेहतर बनाकर व्यावहारिक शिक्षा मजबूत की जाएगी

# जिंदल स्टेनलेस ने एचएसबीटीई के साथ एमओयू का किया नवीनीकरण

- एमओयू का मकसद स्टेनलेस स्टील के उपयोग और विनिर्माण क्षेत्र से जुड़ी तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास को बढ़ावा देना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार


हिसार। एमओयू के मौके पर उपस्थित जिंदल स्टेनलेस व एचएसबीटीई के अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

उद्योग-उन्मुख तकनीकी शिक्षा को सशक्त बनाने और भविष्य के लिए तैयार विनिर्माण कार्यबल विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, जिंदल स्टेनलेस ने हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड (एचएसबीटीई), पंचकूला के साथ अपने सहयोग समझौते (एमओयू) का अगले तीन वर्षों के लिए नवीनीकरण किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य स्टेनलेस स्टील के उपयोग और विनिर्माण क्षेत्र से जुड़ी तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास को बढ़ावा देते रहना है। पंचकूला में स्थित एचएसबीटीई कार्यालय में एचएसबीटीई के सचिव डॉ. राजेश गोयल और जिंदल स्टेनलेस के हिसार यूनिट के प्रमुख विजय बिंदलिश ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान जिंदल स्टेनलेस की स्टेनलेस अकादमी की प्रमुख भावना चोपड़ा श्रीकृष्णा, हिसार के एचआर विभाग में फंक्शन हेड प्रह्लाद सिंह चौधरी, एचएसबीटीई के अकाउंट्स एंड फाइनेंस प्रमुख हितेश कुमार अरोड़ा और एचएसबीटीई के उप सचिव बीएस सांगवान भी मौजूद थे। नवीनीकृत साझेदारी के तहत, जिंदल स्टेनलेस की स्टेनलेस अकादमी हरियाणा के एक अतिरिक्त सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थान तक स्टेनलेस स्टील वैकल्पिक कार्यक्रम का विस्तार करेगी। साझेदारी के अगले चरण में प्रयोगशालाओं को बेहतर बनाके व्यवहारिक शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर भी ध्यान दिया जाएगा।

### भारत के विनिर्माण भविष्य को मजबूत करने की शुरुआत कक्षाओं से : जिंदल

अभ्युदय जिंदल ने कहा कि भारत के विनिर्माण भविष्य को मजबूत करने की शुरुआत कक्षाओं से होती है। एचएसबीटीई के साथ साझेदारी उद्योग और शिक्षा के बीच व्यावहारिक सीख को बढ़ावा देती है। वहीं विजय बिंदलिश ने कहा कि शिक्षा को उद्योग की जरूरतों से जोड़ने पर बेहतर परिणाम मिले हैं।

### कर्मचारियें ने दी 25 को गेट बंद करने की चेतावनी

**हिसार।** हिसार में हरियाणा रोडवेज हिसार डिपो के कर्मचारियों का सांझा संघर्ष समिति के बैनर तले धरना आठवें दिन भी जारी रहा।कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया कि महाप्रबंधक द्वारा रात्रि भत्ता, एलटीसी और मेडिकल बिलों सहित लंबित मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में रोष है। धरने को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि प्रशासन लगातार टालमटोल कर रहा है। कर्मचारी नेता दिलबाग सिंह लांबा ने धरने को समर्थन देते हुए कर्मचारियों से एकता बनाए रखने की अपील की। समिति ने चेतावनी दी कि यदि मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो 25 मई को सुबह 10 से 2 बजे तक बस स्टैंड का मुख्य गेट बंद किया जाएगा। धरने में संदीप जैनावास, बजरंग लाखा, अनूप श्योकंद, अनूप सातरोड, जोगेंद्र पंघाल, जितेंद्र शर्मा, राजबीर दुहन, अजय दुहन, रोहताश कुंडू, कर्मबीर मसूदपुर, सत्यवान सिवाच, पवन कन्नोह, दर्शन जांगड़ा, संदीप खेड़ा आदि मौजूद रहे।

## सेक्टर-4 स्थित डायनासौर पार्क में योग शिविर

# प्राणायाम-ध्यान से बना भक्तिमय माहौल

डॉ. सत्या सावंत ने मन की शक्ति और आत्मनियंत्रण का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार


हिसार। योग शिविर में उत्साह एवं अनुशासन के साथ वृक्षासन करते योग साधक। फोटो :हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, हिसार द्वारा चलाए जा रहे योग जन-जागरण अभियान के अंतर्गत डायनासौर पार्क, सेक्टर-4 हिसार में आयोजित 5 दिवसीय निःशुल्क योग विज्ञान शिविर के तीसरे दिन योग, प्राणायाम, ध्यान एवं वैदिक हवन से पूरा वातावरण भक्तिमय और ऊर्जामय बना रहा। प्रातःकाल बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति जिला हिसार के प्रवक्ता सुरेंद्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि आज के योग सत्र में भारत स्वाभिमान की संरक्षिका डॉ. सत्या सावंत ने साधकों को योगाभ्यास करवाते हुए मन की शक्ति एवं आत्मनियंत्रण का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि मन हमें चलाता है, लेकिन मन को हमें चलाना है। जब मन हमारे नियंत्रण में होगा, तभी जीवन में शांति, स्थिरता और सफलता प्राप्त होगी। योग ही मन को साधने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है।

### योग अभ्यास कराया

*योग शिविर में डॉ. मुकेश कुमार, वीरेन्द्र बड़ाला एवं राजेश कुमार ने भी डॉ. सत्या सावंत के साथ साधकों को यौगिक दौड़, योगिक हास्य, सूक्ष्म व्यायाम, वृक्षासन, ताड़ासन तथा विभिन्न योगासनों एवं प्राणायामों का अभ्यास करवाया।*

# कमल कलोई ने तीसरी बार गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया नाम

## अंडरवाटर योग में 86 पुश-अप मारे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार


दयानंद कॉलेज के पूर्व छात्र ने देश और संस्थान का नाम रोशन किया

दयानंद महाविद्यालय के पूर्व छात्र कमल कलोई ने अंडर वाटर योगा में तीसरी बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाकर अपना व अपने देश का नाम रोशन किया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दुनियाभर के आश्चर्यजनक, असाधारण, मानवीय व प्राकृतिक रिकॉर्ड्स का संकलन करने वाली दुनिया की एक विश्व प्रसिद्ध बुक (संस्था) है।

कमल कलोई ने वर्ष 2020 मे सिंगल ब्रैथ में पानी में रहकर 21 योगासन कर अपना पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था तथा 2021 में पुनः पानी के अंदर 81 एयर रिंगस ब्लावन कर अपना नाम दूसरी बार वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवाया तथा अब, तीसरी बार फिर से पानी के अंदर 86 पुश-अप का रिकॉर्ड बना कर सम्पूर्ण विश्व में अपने देश का तथा दयानन्द कॉलेज का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि के लिए दयानन्द महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कमल कलोई को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। छात्र की सफलता ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन व आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।